हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 विक्षोभ के प्रभाव से पूरे दिन होती रही रिमझिम वर्षा, 10 डिग्री गिरा पारा



## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 10 से प्रवेश प्रारंभ

**बतौली/सेदम।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में नए शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ होगी। प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई, तक निर्धारित की गई है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय बतौली हेतु कुल 50 सीट रिक्त है। आवेदन 50 सीट से अधिक आने पर लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया की जाएगी। कक्षा पहली में प्रवेश हेतु, 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना चाहिए, कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों पर बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालको के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी प्राचार्य राजेश गुप्ता ने दी है I

### जशपुर से शिफ्ट बंदी की उपचार के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विचाराधीन बंदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। बंदी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि जशपुर निवासी 42 वर्षीय जगत पाल राजवाड़े आ. लक्ष्मण राजवाड़े की तबियत खराब होने पर जशपुर जेल से 5 अप्रैल को केंद्रीय जेल भेजा गया था। इस दौरान केंद्रीय जेल प्रबंधन द्वारा विचाराधीन बंदी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान आज सुबह बंदी की मौत हो गई। बंदी की मौत के बाद पुलिस द्वारा परिजन को घटना की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** शहर के समलाया मंदिर रोड नवासी 25 वर्षीय गणेश यादव द्वारा युवती को शादी का झांसा देकर सात महीने से लगातार दुष्कर्म किया जा रहा था। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई तो उसने युवक को शादी करने की बात कही जिसपर युवक ने शादी से इनकार करते हुए किसी को घटना की जानकारी देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। युवती की शिकायत पर पुलिस द्वारा धारा 376(2)(ढ), 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी 25 वर्षीय गणेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

### सार्वजनिक रूप से शराब पीते हुए पकडे गए 36 आरोपी

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने शहर में खुलेआम सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने जिलेभर में कुल 29 प्रकरण दर्ज कर 36 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) व 36(च)(1) के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल द्वारा शहर में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसपी के निर्देश पर जिलेभर में खुलेआम सार्वजनिक रूप से शराब पीने वालों पर कार्रवाई के निर्देश एसपी ने दिए है। एसपी के निर्देश पर ऑपरेशन विश्वास के तहत कोतवाली पुलिस ने तीन प्रकरण में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही गांधीनगर पुलिस द्वारा आठ प्रकरण में 12 आरोपियों, मणीपुर पुलिस द्वारा 7 प्रकरण में 7 आरोपियों, थाना लखनपुर द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी, सीतापुर पुलिस द्वारा 2 प्रकरण में 2 आरोपियों, थाना लुंड्रा द्वारा 4 प्रकरण में 4 आरोपियों, थाना बतौली द्वारा 2 प्रकरण में 2 आरोपियों व उदयपुर थाना द्वारा 2 प्रकरण में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



रमज़ान मुबारक

अठाईसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.20 बजे

कल की सेहरी - 4.17 बजे

## नगर निगम को भी नहीं दी गई जानकारी

# बिना अनुमति शहर में चल रहा था घर घर गैस पापइ लाइन बिछाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में पानी की तरह गैस सप्लाई की योजना विवादों में पड़ती नजर आ रही है। कंपनी द्वारा शहर में लोगों से संपर्क कर उनके घरों में कनेक्शन देने और पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है लेकिन गैस कनेक्शन देने के इस कार्य की जानकारी निगम को नहीं दी गई है। हैरानी की बात तो यह है पाइप लाइन के जरिए गैस कनेक्शन देने को लेकर कोई अनुमति व अनापत्ति नहीं ली गई है। इतना ही नहीं इस गैस सप्लाई के दौरान लोगों के सुरक्षा की जिम्मेदारी सहित अन्य विषयों की जिम्मेदारी कौन लेगा यह भी तय नहीं है। यही वजह है कि अब जानकारी मिलने के बाद नगर निगम द्वारा गैस पाइप लाइन विस्तार व कनेक्शन देने के कार्य को बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बड़े शहरों की तर्ज पर शहर में भी पाइप लाइन से सीधे गैस घरों तक पहुंचाने की योजना है। पाइप लाइन के जरिए गैस सप्लाई होने के बाद लोगों को हर महीने गैस सिलेंडर खरीदने के झमेले से मुक्ति मिल जाएगी। इसी योजना को लेकर बीपीसीएल कंपनी से मध्यप्रदेश के ठेकेदार द्वारा लोगों के घरों में गैस कनेक्शन देने के साथ ही पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। शहर के बौरीपारा, गांधीनगर क्षेत्र में कई लोगों के घरों में गैस सप्लाई के लिए कनेक्शन देने के साथ ही पाइप लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि कंपनी द्वारा शहर में किए जा रहे इस कार्य की अनुमति नगर निगम से नहीं ली गई। निगम के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं है और एक बाहरी कंपनी बिना किसी कागजी कार्रवाई के लोगों के घरों में घुसकर गैस कनेक्शन देने का काम कर रही है। इस बात की जानकारी जब लोगों ने नगर निगम को दी तो महापौर ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल कार्य बंद कराने के निर्देश दिए है।

**खास बात**

- सूचना के बाद अधिकारियों ने बंद कराया काम



घर के बाहर लगाए गए गैस पाइप लाइन।

### आधार कार्ड, राशन कार्ड लेकर दे रहे कनेक्शन

बताया जा रहा है कि कंपनी द्वारा लोगों से फिलहाल कोई राशि नहीं ली जा रही है। वार्डवासियों ने बताया कि उनके घरों में गैस कनेक्शन लगाया गया। कम्पनी द्वारा लोगों से आधार कार्ड, राशन कार्ड की फोटो कॉपी और एक फोटो लेकर कनेक्शन लगाया जा रहा है लेकिन इस कनेक्शन के लिए कोई राशि नहीं ली जा रही है। इसके साथ ही लोगों को यह भी नहीं बताया गया कि उन्हें गैस के लिए कितना भुगतान करना पड़ेगा। लोगों को बताया गया है कि प्रतिमाह गैस सिलेंडर लेने में जो खर्च आता है उसे 30 प्रतिशत कम खर्च में काम चल जाएगा।

### सुरक्षा मानकों की जिम्मेदारी तय नहीं

बाहर की कंपनी आकर शहर में बिना किसी सूचना के गैस सप्लाई के लिए कनेक्शन देने का काम कर रही है हालांकि कनेक्शन कब तक शहर में चालु होगा यह तय नहीं है क्यों कि इसके लिए प्लांट स्थापित करना पड़ेगा और इसमें लंबा समय लगेगा। पाइप लाइन से गैस कनेक्शन देने का कार्य बेहद ही संवेदनशील है। कनेक्शन देने के लिए शहर में पाइप लाइन का जाल बिछाया जाएगा और लोगों के घरों में भी कनेक्शन दिए जाएंगे लेकिन इस दौरान पाइप लाइन कार्य की गुणवत्ता, उसके सुरक्षा, उसके संधारण का जिम्मेदार कौन होगा ये भी बड़ा सवाल है। निगम क्षेत्र में ही कार्य हो रहा है और निगम को ही जानकारी नहीं है। ऐसे में भविष्य में होने वाली घटनाओं का जिम्मेदार भी कौन होगा।

### बंद कराया गया काम

शहर में बिना किसी सूचना के गैस कनेक्शन देने का कार्य किया जा रहा था। इस कार्य को तत्काल बंद कराया गया है। अगर कोई आवेदन आता भी है तो उसे एमआईसी और सामान्य सभा में रखा जाएगा और उसके बाद अनुमति मिलेगी। इस तरह से कोई भी कंपनी शहर में कार्य नहीं कर सकती है क्योंकि यह लोगों की सुरक्षा का सवाल है। इसके साथ ही संहिता में कम्पनी द्वारा निगम क्षेत्र में नया काम शुरू किया गया इसकी जानकारी भी निर्वाचन आयोग को दी गई है।

-डॉ. अजय तिर्की
महापौर

# पिअकप व कार से लकड़ी तस्करी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



उदयपुर क्षेत्र में वन विभाग ने दो अलग अलग कार्रवाई में पिकअप व कार जब्त करने के साथ भी भारी मात्रा में लकड़ी जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने कार चालक को पकड़ा है जबकि पिकअप वाहन के चालक व तस्कर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने मौके से एक बाइक भी बरामद किया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर वन परिक्षेत्र में इन दिनों दो हाथियों का दल विचरण कर रहा है और वन विभाग हाथियों की निगरानी कर रही है। इस बीच बीती रात जब हाथियों की निगरानी कर रहे थे तो उन्हें हनुमान मंदिर लक्ष्मणगढ़ चौक के समीप जंगल के रास्ते एक आल्टो कार क्रमांक सीजी 15 बी 0726 गुजरती हुई नजर आई। वन विभाग ने जब कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक तेजी से भागने लगा। ऐसे में वन विभाग की टीम द्वारा कार का पीछा कर कटिंदा में पकड़ा गया और जब कार की तलाशी ली गई तो उसने अंदर से सात नग साल चिरान बरामद किया गया। टीम ने मामले में कार चालक लखनपुर बेलदगी निवासी सुनील दास आ. आलम साय पनिका को गिरफ्तार करने के साथ ही 0.155 घन मीटर साल चिरान जब्त किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि कुदरबसवार जंगल में पिकअप वाहन में लड़की लोड किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद कुदर बसवार सर्किल प्रभारी रामबिलास सिंह, उदयपुर सर्किल प्रभारी चंद्रभान सिंह ने टीम के साथ मौके पर दबिश दी। इस दौरान वन विभाग को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। इस दौरान वन विभाग ने पिअकप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 3373 से एक नग लट्ठा व जमीन पर पड़े 5 नग लट्ठा एवं बाइक को बरामद किया है। वन विभाग द्वारा लकड़ी, पिकअप व बाइक को जब्त कर कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में सीएफओ रामविलास सिंह, शशिकांत सिंह, गिरीश बहादुर सिंह, चंद्रभान सिंह, बीएफओ राजेश राजवाड़े, रेलूस खेश, संतोष सिंह, बसंत सिंह, बुधसाय राजवाड़े, आर्मो कुमार सक्रिय रहे।

- कार से बरामद किया गया साल चिरान, दो अलग अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई

# वर्तमान समय व समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप नए कानून किए जा रहे लागू : आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए कानूनों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के साथ ही इन कानूनों में विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से आज सरगुजा पुलिस द्वारा रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विशेष न्यायाधीश, आईजी, कलेक्टर, एसपी समेत विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, डॉक्टर्स एसोसिएशन, चैंबर ऑफ कामर्स, मीडिया, ट्रांसपोर्ट्स युनियन, एनजीओ व अन्य नागरिक शामिल हुए। कार्यशाला में आईजी अंकित गर्ग ने कहा कि नवीन संहिता कानून 1 जुलाई 2024 को प्रभावशील होना है। आजादी के बाद भी पुराने कानून के आधार पर ही कानूनी प्रावधानों का क्रियान्वयन हो रहा था क्योंकि उस समय समाज की जरूरतें अलग थी एवं आपराधिक पद्धति में भी जमीन और आसमान का फर्क था। वर्तमान समय और समाज की अपेक्षाओं के साथ नये कानून लागू किए जा रहे हैं। विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार ठाकूर ने कहा कि वर्तमान समय के अनुसार वृहद रूप से नये कानून संहिता को लागू किए जा रहे हैं इसके बारे में पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका के साथ-साथ आमजनों को भी इसके बारे में जानना जरूरी है। नये कानून में आवश्यकताओं के अनुसार धाराओं में संशोधन किए गए हैं। एसपी विजय अग्रवाल ने नवीन कानून संहिता 2023 के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से नवीन कानून संहिता लागू होना है, इसलिए इसके बारे में पुलिस, अभियोजन के अलावा आमजन को भी जानकारी होना चाहिए। शासन-प्रशासन द्वारा लोकतंत्र में जनता की अपेक्षा के अनुरूप कानून बनाती है पुराने कानून को लगभग 160 से भी अधिक का समय हो गया है उस समय कानूनों एवं प्रावधानों की जरूरत और चुनौतियां अलग थी। इसके अलावा नये कानून के विषय में महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में अन्य वक्ताओं ने भारतीय दण्ड संहिता और दण्ड प्रक्रिया संहिता को हटाकर नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने हेतु भारतीय संसद द्वारा दिसम्बर 2023 में कानून पारित किया गया था। केन्द्र सरकार द्वारा पुरानी भारतीय दण्ड संहिता में पर्याप्त संशोधन पश्चात नवीन न्याय व्यवस्था स्थापित करने हेतु भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू की गई है। कार्यशाला में विवेचकों को पुराने भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के स्थान पर नवीन भारतीय न्याय संहिता के तहत वैधानिक कार्रवाई किए जाने हेतु एवं नवीन धाराओं में हुए परिवर्तन को अपने विवेचना में शामिल करने के लिए अवगत कराया गया। इस दृष्टिगत कार्यशाला में नवीन कानूनों की विशेषता एवं प्रावधानों जैसे औपानिवशिक कानून में बदलाव, महिला सुरक्षा एवं न्याय, आतंकवाद, संगठित अपराध एवं भारत की ⏭ शेष पेज 4 पर

- नवीन कानूनों के प्रति जागरूकता को लेकर रेंज स्तरीय कार्यशाला, दी गई नए कानून की जानकारी



कार्यशाला में शामिल अधिकारी।

# टवेरा वाहन से आकर की पिकअप की चोरी, दो आरोपी यूपी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पिकअप वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने यूपी से दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो पेशे से ड्राइवर है। आरोपी टवेरा वाहन से छत्तीसगढ़ आए थे और पिकअप वाहन चोरी कर भाग निकले। सीसीटीवी फुटेज व टवेरा के नम्बर से पुलिस आरोपियों तक पहुचने में सफल हुई। बता दें कि 4 अप्रैल को थाना अंतर्गत बूढ़ा बगीचा निवासी दीपेश गर्ग आ.अनिल गर्ग द्वारा अपने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 3058 को चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पिकअप वाहन चोरी की शिकायत के बाद एसएसपी डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी शैलेन्द्र कुमार पांडेय व एसडीओपी इम्मानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो घटना दिवस को एक टवेरा वाहन घटना स्थल के आस पास घूमते हुए दिखाई दी जिसके बाद टवेरा वाहन क्रमांक यूपी 63 क्यू 8990 के बारे में जानकारी निकाली गई। उक्त टवेरा वाहन यूपी के मिर्जापुर चुनार निवासी परशुराम बिन्द आ. शम्भू नाथ बिन्द के नाम पर दर्ज थी। ऐसे में पुलिस टीम यूपी के मिर्जापुर रवाना किया गया था जहां मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर परशुराम बिन्द को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी यूपी निवासी पुनित ठाकुर के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। दोनों आरोपी वाहन चालक है और छत्तीसगढ़ आना जाना करते है। आरोपी टवेरा वाहन से राजपुर आए थे और पिकअप की चोरी कर भाग निकले। पुलिस ने चोरी हुए पिकअप समेत घटना में प्रयुक्त टवेरा वाहन को भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पुनित ठाकुर ऊर्फ छोटू ठाकुर मिर्जापुर का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है और उसके विरोध चोरी व मारपीट के दर्जनों मामले दर्ज है वहीं आरोपी परशुराम के खिलाफ भी थाना मांडा व यूपी में अनेकों मामले दर्ज है। पुलिस ने मामले में यूपी हेमपुर मांडा निवासी 49 वर्षीय परशुराम बिन्द आ. शम्भूनाथ बिन्द व मिर्जापुर दुबहा जिगना निवासी 28 वर्षीय पुनित ठाकुर उर्फ छोटू आ. अक्षयवर सोनार को धारा 379 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुधीर मिंज, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक अभिषेक बघेल, राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक रिंकु गुप्ता, अमृत सिंह, संतोष सिंह, लखेश्वर राम, शिवलाल, शिवशंकर नरेन्द्र कश्यप तथा सायबर सेल से मंगल सिंह, सुखलाल सिंह, राज किशोर पैकरा एवं जिला सरगुजा अम्बिकापुर से गणेश कदम सक्रिय रहे।

- चोरी, मारपीट के कई मामले दर्ज, पिकअप वाहन बरामद



### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम छिंदकालो निवासी दीपनाथ आ. स्व. प्रेमसाय (75 वर्ष) गत दिन साइकिल से घर जा रहा था। जैसे ही दरिमा थाने समीप पहुंचा तभी विपरित दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# गड़ासा लेकर लोगों को भयभीत कर रहा युवक गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

गड़ासा लेकर लोगों को भयभीत कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रेमनगर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम घुमाडांड में सुरेश राम चौधरी लोहे का गड़ासा लेकर लोगों को धमकी देकर भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच सुरेश राम चौधरी आ. जगत राम (36 वर्ष) गिरफ्तार कर गड़ासा को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रेमनगर निलिमा तिर्की, एसआई कोमल तिग्गा, चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक अनिल भगत, आरक्षक खेलन सिंह, धनंजय साहू, सत्य नारायण तिवारी, बेचूराम सोलंकी, बृजेश काशी, विजय चौबे, सोहन नेताम, डुलेश्वर राजवाड़े व रविचंद राजवाड़े सक्रिय रहे।



## मेडिकल कॉलेज की डाइटीशियन ने कहा- डिहाइड्रेशन से बचना जरूरी

# चैत्र नवरात्रि में व्रत के दौरान इन बातों का ध्यान रखकर रहें स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है। गर्मी के मौसम में पड़ने वाले नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपवास रखते है। गर्मी के मौसम में उपवास रखने का सेहत पर बड़ा असर पड़ता है ऐसे में हम कुछ महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखकर अपने स्वस्थ रह सकते है।

उपवास के दौरान हमें किन चीजों को अपने खान पान में शामिल करना चाहिए और किन चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए इसे लेकर हरिभूमि ने बात की मेडिकल कॉलेज अस्पताल की डाइटीशियन सुमन सिंह से। डाइटीशियन सुमन सिंह का कहना है कि नवरात्रि में व्रत करते समय सिर्फ फलाहार करते है जबकि कुछ एक समय का भोजन करके व्रत रखते है। भीषण गर्मी के पड़ने वाले व्रत में हमें कुछ खास आहार को अपने व्रत में शामिल करना चाहिए जिससे हम खुद को स्वस्थ महसूस कर सके। डाइटीशियन सुमन बताती है कि गर्मी के मौसम में अगर लोग पानी पीने में लापरवाही करते है उनका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है और शरीर में पानी की कमी से चक्कर, कमजोरी, पेशाब में जलन, थकान महसूस होती है। इस लिए डिहाइड्रेशन से बचने के लिए व्रत के दौरान ज्यादा से ज्यादा पानी पाई और फलों का सेवन करते समय उसमें खरबूज, संतरा, मुसम्मी, अंगूर, खीरा, टमाटर को अधिक से अधिक शामिल करें। इससे शरीर हाइड्रेट रहता है। थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ का सेवन करें। वहीं शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का बैलेंस बनाए रखने के लिए बीच बीच में नींबू पानी, छाछ, दही, लस्सी पीते रहे जिससे शरीर में प्रॉपर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स मिलते रहे।



### बीपी, थायराइड वाले इन बातों का रखें ध्यान

डाइटीशियन सुमन का कहना है कि डायबिटिक, बीपी, थायराइड या अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों को पहले तो गर्मी में व्रत रखने से बचना चाहिए लेकिन अगर लोग व्रत करते भी है तो उन्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। उक्त बीमारियों से ग्रसित लोगों को व्रत के दौरान दो से ढाई घंटे के अंतराल में कुछ ना कुछ खाते रखना चाहिए। लोग अपने व्रत के आहार में मिलेट्स को शामिल कर सकते है जो फलाहार की श्रेणी में आते है। मिलेट्स में रागी, कोदो की चपाती, सिंघाड़े का आटा अपने आहार में सहमिल करे। इसके साथ ही हरी सब्जियों का सेवन किया जा सकता है। व्रत के दौरान लौकी, टमाटर का सूप लिया जा सकता है। फल में सिंघाड़ा, सेव, संतरा, मुसम्मी, अमरुद( 100ग्राम) खीरा खा सकते है। दूध व दूध से बने पदार्थ का सेवन करें। जिन लोगों का वजन अधिक है या फिर शुगर, बीपी या फिर किसी अन्य बीमारी से ग्रसित है तो उन्हें कार्बोज को अवॉइड करना चाहिए। कार्बोज से बचने के लिए साबूदाना, मीठे फल, शक्कर, मीठे पदार्थ का सेवन करने से बचना चाहिए।



7- APR-Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/7/2024 7:58 PM Page 1



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'डॉक्टर हू' का धमाकेदार ट्रेलर जारी, किरदारों से भी उठा पर्दा



'डॉक्टर हू' के अगले सीजन का आधिकारिक ट्रेलर जारी हो गया है। दो मिनट के ट्रेलर में, हम डॉक्टर और उसके साथी, रूबी संडे (मिल्ली गिब्सन) को डायनासोर के युग से लेकर ब्रिजर्टन जैसे प्रसंग तक, 1960 के दशक के समय और स्थान की यात्रा करते हुए देखते हैं। हमें यह भी संकेत मिलते हैं कि रूबी का जीवन खतरे में होगा और तारदिस उस पर काई उगने के लिए काफी समय तक कहीं फंसा रह सकता है। 'डॉक्टर हू' का आगामी सीजन डॉक्टर और उसके साथी रूबी संडे का अनुसरण करता है, क्योंकि वे इंग्लैंड में रीजेंसी युग से लेकर युद्धग्रस्त भविष्य की दुनिया तक के रोमांच के साथ समय और स्थान की यात्रा करते हैं। इस दौरान उनका सामना अविश्वसनीय दोस्तों और खतरनाक दुश्मनों से होता है, जिसमें एक भयानक बोगीमैन और डॉक्टर का अब तक का सबसे शक्तिशाली दुश्मन भी शामिल है। ट्रेलर में इंदिरा वर्मा (गेम ऑफ थ्रोन्स) के किरदार, डचेस की पहली झलक दिखाई गई है, और यह घोषणा की गई है कि कैली कुक (हेनपोकैलिप्स) आगामी सीजन में दिखाई देंगी। पूरे ट्रेलर में अतिरिक्त अतिथि कलाकारों को दिखाया गया है जिनमें अनीता डॉब्सन, यास्मीन फिन्नी, मिशेल ग्रीनिज, बोनी लैंगफोर्ड, जिंक्स मॉनसून, जेम्मा रेडग्रेव, लेनी रश और एंजेला विंटर शामिल हैं। रसेल टी डेविस शोरनर, 'डॉक्टर हू' के आगामी सीजन के कार्यकारी निर्माता और लेखक हैं। अतिरिक्त कार्यकारी निर्माताओं में फिल कोलिन्सन, जोएल कोलिन्स, जूली गार्डनर और जेन ट्रैंटर शामिल हैं।

## टॉलीवुड

### मलयालम सिनेमा में पृथ्वीराज का हुआ धरतीपकड़ धमाका



पृथ्वीराज सुकुमारन साउथ से सबसे उम्दा अभिनेताओं में से एक हैं। सलार के बाद उनकी फिल्म द गोट लाइफ रिलीज हो चुकी है। इस सर्वाइवल ड्रामा फिल्म को लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म में अपनी शानदार अदाकारी के लिए पृथ्वीराज जमकर प्रशंसा बटोर रहे हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को तगड़ा रिस्पॉन्स मिला है। ब्लेसी के निर्देशन में बनी यह फिल्म देश के साथ विदेश में भी जमकर कमाई कर रही है। पहले वीकएंड पर गॉडजिला x कॉन्ग और क्रू का दिखा दबदबा, अन्य फिल्मों का

प्रसिद्ध मलयालम उपन्यास आदुजीविथम पर आधारित यह फिल्म अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। द गोट लाइफ यूएसए बॉक्स ऑफिस पर मिलियन-डॉलर का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज मलयालम फिल्म बन गई है। पहले ही फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर तीन दिनों में 50 करोड़ की कमाई कर ली है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने अपने कलेक्शन में 15 करोड़ और जोड़ लिए हैं, जिससे पहले सप्ताहांत में इसकी कुल कमाई 65 करोड़ हो गई है। यह किसी भी मलयालम सिनेमा के लिए अब तक का सबसे अधिक ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन है। पिछला रिकॉर्ड मोहनलाल की लूसिफर के नाम था। दिलचस्प बात यह है कि पृथ्वीराज सुकुमारन ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। द गोट लाइफ का निर्माण जिमी जीन-लुई ने किया है। इस फिल्म में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है। माना जा रहा है कि अगर यह फिल्म पहले वीकएंड के बाद अच्छी कमाई करती है तो तो यह फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर सकती है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो गोट लाइफ के बाद पृथ्वीराज हिंदी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आने वाले हैं। फिल्म में वे नकारात्मक भूमिका में दिखेगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं मे हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

## भोजपुरी

### राजनीति और संगीत से संन्यास गुस्साए स्टार पवन सिंह ?



भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह ने अपने करियर में खूब नाम कमाया है। उनकी फिल्मों और गानों को देखना लोग खूब पसंद करते हैं। पवन सिंह ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए बताया है कि आखिर कैसे इंडस्ट्री में उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जाती है। भोजपुरी फिल्मों में अपनी सिंगिंग और एक्टिंग से सभी को इंप्रेस करने वाले एक्टर पवन सिंह का साउथ में जलवा ही अलग है। लेकिन कहा जाता है कि एक्टर के जितने चाहनेवाले हैं उतने ही उनके दुश्मन भी इंडस्ट्री में हैं। पवन सिंह के कंसर्ट्स सबसे ज्यादा होते हैं और पवन सिंह के ही कंसर्ट्स में सबसे ज्यादा बवाल होता है। उनपर अक्सर अपने गानों के जरिए अश्लीलता फैलाने का आरोप लगता रहता था। अब पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर कुछ स्क्रीनशॉट्स शेयर किए हैं और उन्होंने बताया है कि कैसे उन्हें बदनाम किया जाता है। एक्स (ट्विटर) पर पवन सिंह ने यूट्यूब पर अपने कुछ गानों के थम्बनेल्स शेयर किए हैं। इसमें उन्होंने सिंगर-पॉलिटिक्स बाबुल सुप्रियो पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा- आपने चार गाने का जो पोस्टर पोस्ट किया है, अगर ये चारों पोस्टर, गाने को सही साबित कर देते हैं तो मैं राजनीति और संगीत दोनों से सन्यास ले लूंगा नहीं तो आप पवन सिंह ने इसी क्रम में नेता और सिंगर बाबुल सुप्रियो को भी अपने घेरे में ले लिया और उनका नाम टैग करते हुए उन्हें भी दो टूक सुनाई।

## स्पेस का फैशन

धरती पर तो फैशन के हर आयाम में डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करते हैं। लेकिन पिछले दिनों पेरिस फैशन वीक में डिजाइनरों ने स्पेस थीम पर अपने कलेक्शन प्रदर्शित किए। इसके लिए बाकायदा स्पेस का माहौल बनाया गया और मॉडल को उसी के अनुरूप रैम्प पर उतारा गया। इन अनूठे प्रयोग की दर्शकों ने भरपूर सराहना की।



लाइफ

# रसोई की इन चीजों से हटाएं अपर लिप्स के बाल

महिलाएं अपर लिप्स पर आए अनचाहे छोटे बालों से छुटकारा पाने के लिए पार्लर जाती हैं और हेयर रिमूवल क्रीम, थ्रेडिंग, ब्लीच, वैक्सिंग या अन्य कई तरीके अपनाती हैं। हालांकि यह स्थाई तरीका नहीं है, कुछ दिन बार फिर चेहरे पर बाल नजर आने लगते हैं। कई बार तो महिलाओं के कामकाज में व्यस्तता के कारण पार्लर जाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप घर पर ही अपर लिप्स के बाल आसानी से हटा सकती हैं।

यहां अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय बताए जा रहे हैं। किचन में इस्तेमाल होने वाली चीजों से अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाया जा सकता है।

**आलू का रस:** अनचाहे बालों से चेहरे की खूबसूरती को कम होने से बचाने के लिए ब्लीचिंग क्रीम के तौर पर आलू के रस का उपयोग करें। आलू को काटकर मिक्सी में पीस लें। इस पेस्ट को कपड़े में डालकर अच्छी तरह से निचोड़कर रस निकाल लें। रात में सोने से पहले आलू का रस लगाएं और रात भर लगा रहने दें। सुबह चेहरा धो लें। इस प्रक्रिया को कम से कम तीन बार दोहराएं।

**आटा, हल्दी और दूध:** अनचाहे बालों को हटाने के लिए एक बड़ा चम्मच गेहूं का आटा, एक चम्मच कच्चा दूध और चुटकी भर हल्दी को मिलाकर उबटन बना लें। इसे अपर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। बाद में पानी से धो लें। इस पैक को हफ्ते में तीन-चार तीन दोहराएं।

**दूध और हल्दी:** दूध और हल्दी बहुत काम के होते हैं। एक चम्मच दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अप्पर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन बार करें। इससे अपर लिप्स पर बाल नहीं नजर आते हैं और त्वचा साफ व चमकदार दिखने लगती है।



**चीनी:** अपर लिप्स के बालों को हटाने के लिए चीनी का उपयोग कर सकते हैं। पैन में एक बड़ा चम्मच चीनी और नींबू का रस मिलाकर गाढ़ी होने तक चलाएं। अब इसे अपर लिप्स पर लगा लें। ध्यान रखें कि यह बहुत अधिक गर्म न हो। 15 मिनट तक अपर लिप्स पर चीनी का पेस्ट सूखने दें, फिर पानी से धो लें। हर दूसरे दिन इसे लगा सकते हैं।

# ईद पर पहननी है साड़ी तो देखें इन अभिनेत्रियों का कलेक्शन








रमजान खत्म होने वाले हैं और ईद का त्योहार आने वाला है। ईद इस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व है। ईद उल फितर को 'चांद रात' भी कहा जाता है। यह त्योहार रमजान महीने के अंत में आता है, जो कि मुस्लिमों के लिए अत्यंत पवित्र माह है। रमजान में रोजा रखकर और अल्लाह की इबादत करके मानवता और सच्चाई का प्रसार किया जाता है। ईद लोगों को एक साथ लाता है। इस दिन लोग एक दूसरे से मिलते हैं। लजीज पकवानों का स्वाद चखते हैं और मिलकर त्योहार मनाते हैं। इस मौके पर बच्चे से लेकर बड़े तक सभी नए और सुंदर कपड़े पहनकर तैयार होते हैं।

महिलाएं ईद के मौके पर सुंदर और आकर्षक दिखने के लिए साड़ी पहन सकती हैं। यहां ईद के लिए अभिनेत्रियों की कुछ लेटेस्ट साड़ी डिजाइन दिए जा रहे हैं। इस तरह की साड़ियां ईद पर आप पर भी बेहद जचेंगी और हर किसी की नजर आपके ऊपर टिक जाएगी।

आलिया भट्ट का साड़ी कलेक्शन बेहद खूबसूरत है। वैसे तो अभिनेत्री अधिकतर वेस्टर्न आउटफिट में नजर आती हैं लेकिन किसी इवेंट या फिल्म प्रमोशन के दौरान आलिया भट्ट की खूबसूरत साड़ियों का कलेक्शन देखने को मिलता है। आलिया की यह पीली साड़ी त्योहार के मौके पर काफी सुंदर लुक दे सकती है। ईद पर नेट एम्ब्रायडरी वाली इस साड़ी से खुद को स्टाइल कर सकती हैं।

हल्की और सिंपल स्टाइल साड़ी में क्लासी लुक चाहिए तो पूजा हेगड़े की इस साड़ी से कुछ आइडिया ले सकते हैं। गर्मी का मौसम है, ऐसे में इस तरह के रंगों का चयन आंखों को सुकून देने वाला और सहज होगा। कलर के साथ ही साड़ी के प्रिंट का चयन भी अपने बॉडी शेप के मुताबिक करें।

# 15 मिनट में घर पर करें नेल आर्ट हाथों के नाखून दिखेंगे सुंदर

हम सभी चाहते हैं हमारे हाथ और नाखून सुंदर नजर आएं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारे डिजाइन होते हैं जो 15 मिनट में बन जाते हैं। जानते हैं किन डिजाइन को आप ट्राई कर सकती हैं।

### ग्लिटर नेल आर्ट

अगर आपको नए डिजाइन से नेल आर्ट करनी है तो इसके लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। यह 15 मिनट में जो जाती है। इसके लिए आपको एक टेप लेनी है। इसके बाद इसे अपने नाखूनों पर तिकोना करके लगानी है। फिर इसके एक तरह मैट कलर को इस्तेमाल करना है और दूसरी तरफ ग्लिटर कलर को लगाना है। इस तरीके से आपका नेल आर्ट हो जाएगा।

### सिंपल नेल आर्ट

अगर आप किसी पार्टी में जानें के लिए लेट हो रही हैं और नेल आर्ट कराने का समय नहीं मिला है तो ऐसे में आप घर पर इसे 15 मिनट में कर सकतीहैं। इसके लिए आपको दो अलग-अलग कलर लेने हैं। इसके बाद 3 उंगली के नाखूनों पर एक कलर को लगाना है और 2 पर किसी और कलर को लगाना है।



आप चाहें तो एक बीच में लाइन खींचकर साइड में दूसरे कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। साथ में एक पतली स्टिक की मदद से जिक जैक पैटर्न क्रिएट कर सकती हैं। इस तरीके से आप घर पर ही नेल आर्ट कर सकती हैं।

### फ्रेंच नेल आर्ट

नेल आर्ट में काफी सारे डिजाइन आपको स्टूडियो में देखने को मिल जाएंगे। लेकिन इन्हें कराने से पहले जब रेट पूछते हैं तो करने का मन नहीं करता है। ऐसे में आप इस डिजाइन को टेप और अलग कलर की नेल पेंट की मदद से घर पर ही कर सकती हैं। इसके लिए आपको टेप को ट्राइएंगल डिजाइन में नाखूनों के आगे वाले हिस्से में लगाना है।

# इस नवरात्रि हाथों पर खूब जचेंगे लाल-हरी चूड़ियों के ये नए सेट

चैत्र नवरात्रि आने वाली हैं और इस मौके पर हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप लाल-हरे रंग की चूड़ियों को हथेली पर सजा सकती हैं। देखते हैं इनके कुछ नए और खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-

**गोल्डन और ग्रीन चूड़ी डिजाइन :** गोल्डन के साथ वैसे तो कई अलग-अलग रंगों की चूड़ियों को पहना जा सकता है। नवरात्रि के लिए ग्रीन कलर लगभग सब तरह के कपड़ों के साथ खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इनके साथ आप पतली वाली गोल्डन कलर की चूड़ियों को मिलाकर सेट बना सकती हैं। साथ ही, फैंसी लुक के लिए आप कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

**लाल और पीली चूड़ी डिजाइन :** लाल के साथ हरे रंग के आलावा



पीला रंग भी काफी खूबसूरत कलर कंट्रास्ट बनाने में मदद करता है। इस तरह में आप चाहे तो हरे रंग को भी शामिल कर सकती हैं। इन तीनों रंगों को मिलाकर चूड़ी का सेट बना सकती हैं। साथ ही बीच में चौड़े साइज का कंगन भी आप पहन सकती हैं। इसमें आपको मिरर वर्क और स्टोन डिजाइन के अलावा ग्लिटर में भी चूड़ियों और कंगन के काफी डिजाइंस मिल जाएंगे।

**मिरर वर्क चूड़ी डिजाइन सेट:** मिरर वर्क को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। फैंसी और हैवी डिजाइन की चूड़ियों को आप प्लेन कपड़ों के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आप चाहे तो कपड़ों के कलर के हिसाब से अलग-अलग रंग भी चुन सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

**आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक आपको मिलेगा ड्रेसिंग टिप्स अपनाने से**

# जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं जरूरी टिप्स, स्टाइलिश और मिनिमल लुक पाइए

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो खास टिप्स जान लीजिए।



**सफेद शर्ट सबकी फेवरेट:** सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

**जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज:** जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज में सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस को पहचान लीजिए।

**ब्लेजर हैं बेस्ट:** ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

**डबल स्लीव्स वाला फैशन:** कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।



## खबर संक्षेप



### दादी मंदिर में 13 दिवसीय मंगल पाठ का समापन 8 को

**अम्बिकापुर।** दादी रानी सती महिला मंडली द्वारा संकल्पित 13 दिवसीय मंगल पाठ प्रतिदिन मंदिर में किया जा रहा है। पाठ की शुरूआत 27 मार्च को महामाया मंदिर से दादी रानी सती मंदिर तक निशान पदयात्रा के साथ की गई थी पाठ का समापन 8 अप्रैल को किया जाएगा। मंगलपाठ में हर दिन भारी संख्या में नगरवासी शामिल होकर झूमते-गाते दादी के चरणों में अपनी अरदास लगा रहे हैं। दादी महिला मंडली द्वारा 24 घंटे का अखण्ड मंगल पाठ हर माह की नवमी एवं अमावस्या को मंगल पाठ, नवमी को दादी जाप एवं लगातार 13 दिन तक विभिन्न शहरों में मंगल पाठ किया गया। खास बात है कि पिछले 8 वर्षों से दादी मंदिर की व्यवस्था महिलाओं द्वारा सुचारू ढंग से की जा रही है। अध्यक्ष श्रीमती राजरानी अग्रवाल ने बताया कि अब 13 मंगल पाठ रामगढ़, देवगढ़, कुदरगढ़, महेशपुर, शिवपुर आदि तीर्थ स्थलों में किया जायेगा, जिसका समापन अमरकंटक धाम में किया जाएगा।

### समर कैंप के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**सीतापुर।** शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए आयोजित होने वाले समर कैम्प से पहले शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के दौरान समर कैंप में आयोजित होने वाली गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीइओ मिथिलेष सिंह सेंगर ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य पढ़ाई को लेकर छात्रों में निरंतरता बनाए रखना है। इस कैंप में सभी शिक्षको को अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है ताकि बच्चे इससे लाभान्वित होकर भविष्य में पढ़ाई के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर सके। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के बाद स्कूली बच्चों को सीखने सिखाने का है जिसके तहत संकुल स्तर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का मॉडल स्कूल के रूप में चयन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के ज्ञान विकास, चंद्रभान, सौरभ, राकेश एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### जवानों को दिया गया डीएफएमडी एचएचएमडी प्रशिक्षण

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेष कुमार बरेया के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों के लिए प्रशिक्षण



शिविर का आयोजन किया गया। रक्षित केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान 48 जवानों को डीएफएमडी, एचएचएमडी, स्मोक कैंडल, एवं रेडियो संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जवानों को डीएफएमडी, एचएचएमडी स्वयं संचालित करने के साथ ही इसका अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही रेडियो के संचालन के लिए चैनल की फ्रीक्वेंसी और डिजिटल वायरलेस सेट को ऑपरेट करना , नक्सल क्षेत्रों और शैडो एरिया में सेटेलाइट फ़ोन का उपयोग, स्मोक कैंडल को जलाने के समय हवा का रुख और आबादी को ध्यान में रखते हुए किस प्रकार उपयोग किया जाना है इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में आरआई विमलेश कुमार देवांगन, बीडीएस प्रभारी मंजीत सिंह, दूरसंचार सउनि शिवाकांत अग्निहोत्री, अभिमन्यु सिंह, आरक्षक अनुरंजन केरकेट्टा, राजेश लकड़ा, अरविन्द गुप्ता, संजीव भगत, मनोज चंद्रा, आरओ मोहनीश पांडे मौजूद थे।

## संभागीय उड़नदस्ता टीम ने 8 लाख कीमत के 40 किलो गांजा किया जब्त

# ओडिसा से गांजा लाकर जिले में खपाने आया युवक गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- स्मृति वन के समीप कर रहा था ग्राहक का इंतजार

जिले में दिगर राज्यों से शराब सहित गांजा बड़े पैमाने में खपाने का कार्य चल रहा है। इधर संभागीय उड़नदस्ता की टीम द्वारा लगातार न सिर्फ कार्रवाई कर रही है बल्कि अवैध शराब व गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। संभागीय उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ उड़ीसा से जिले में गांजा खपाने आए युवक को पकड़ा बल्कि उसके पास से 8 लाख कीमत की 40 किलो गांजा जब्त किया। टीम ने कार समेत गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के दिशानिर्देश पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम लगातार कार्रवाई कर रही है।। आज उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति इको स्पोर्ट्स कार में भारी मात्रा में गांजा लेकर स्मृति वाटिका सांडबार के समीप किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता टीम के साथ स्मृति वाटिका साड़बार के पास पहुंचे। जहां एक इको स्पोर्ट्स कार जो पहले से खड़ी थी उसके समीप जैसे ही सरकारी गाड़ी पहुंची तो युवक भागने लगा जिसे दौड़ा कर आबकारी आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ पर युवक ने अपना नाम मुकेश राम यादव निवासी दानी मुंडा थाना फरसाबहार जिला जशपुर बताया। टीम ने मुकेश राम की कार क्रमांक सीजी 10 एसी 1447 की तलाशी ली तो कार से दो बोरियों में 20-20 किलो का 40 किलोग्राम गांजा बरामद किया। टीम ने कार समेत लगभग 8 लाख कीमत के 40 किलोग्राम गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत गिरफ्तार कर लिया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी को आरोपी मुकेश यादव को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, आबकारी मुख्य आरक्षण रमेश दुबे, कुमारु राम, आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, रामाधार कुशवाहा, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं ममता विश्वकर्मा सक्रिय रहे।



आबाकारी टीम के गिरफ्त में आरोपी व जब्त गांजा।

### आरोपी है संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी

संभागीय उड़नदस्ता टीम के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर संविदा स्वास्थ्य कर्मी है जो स्वास्थ्य कर्मी होने का फायदा उठाकर उड़ीसा से गांजा लाकर जिले के आसपास क्षेत्र में खपाने का काम करता था। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला की आरोपी पत्थलगांव क्षेत्र स्थित स्वास्थ्य विभाग में संविदा कर्मचारी है।

#### उडीस से लाया था गांजा

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि यह उड़न दस्ता टीम की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। गांजा का बाजार मूल्य लगभग 8 लाख रुपए है। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने गांजा को उड़ीसा राज्य से लाना बताया। गांजा को वह आसपास के क्षेत्र में खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा था।

### लगातार की जाएगी कार्रवाई



अवैध शराब, गांजा की धर पकड़ लगातार की जाएगी। इससे पूर्व भी गांजा बिक्री करने के लिए रखे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। आज की कार्रवाई अब तक की बड़ी कार्रवाई है। संभागीय उड़नदस्ता टीम द्वारा धर पकड़ की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

-रंजीत गुप्ता, सहायक जिला आबकारी अधिकारी



## रामनवमी को लेकर राम मंदिर परिसर में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्री सहित रामनवमी का पर्व भव्य रूप में मनाने हेतु शहर के रामभक्तों, नागरिकों की बैठक शहर के प्राचीन श्रीराम मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। बैठक में बीते वर्ष के रामनवमी महोत्सव की समीक्षा की गई साथ ही रामनवमी महोत्सव को भव्यता देने हेतु उपस्थित लोगों से विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक सुझाव लिए गए। चर्चा के दौरान सभी ने हर्षो उल्लास के साथ श्रीराम जन्मोत्सव नवरात्रि एवं रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में हिन्दू नववर्ष के स्वागत में शहर के सभी वार्डों के अधिकांश घरो में हनुमत ध्वजा लगाने तथा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर 17 अप्रैल की दोपहर बाद 4 बजे से मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से राम दरबार भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी एवं हनुमान झांकी की शोभायात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कनहर नदी तट स्थित श्रीराम मंदिर एवं गांधी मैदान तक जाएगी। शोभायात्रा में भाग लेने वाले टोली दल के उत्साह वर्धन की दृष्टि से राम दरबार की विभिन्न झांकियों के मध्य प्रतिस्पर्धा आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी के अवसर पर कनहर नदी तट स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में 14 अप्रैल की शाम 6.30 बजे से महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एसपी निगम, टीआर शर्मा, शैलेश गुप्ता, अशोक जायसवाल, मुकेश जायसवाल, रमेश गुप्ता, अशोक गोड, प्रमोद कश्यप, सहित अन्य उपस्थित थे।

## घोघरा नहर में मिले शव का हुआ शिनाख्त

**बतौली/सेदम।** घोघरा नहर में मिली अज्ञात ग्रामीण के शव का शिनाख्त गांव के ही अमलसाय आ. शंभू के रूप में हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतक मिर्गी बीमारी से पीड़ित था और संभवतः नहर में स्नान करने के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से पानी में डूब गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। गौरतलब है कि ग्राम घोघरा कोरवापारा के कुछ लोग मछली पकड़ने के लिए बांध के गेट को बंद किए थे और पानी बंद हो जाने के पश्चात जब लोग मछली पकड़ रहे थे तभी दुर्गंध आने पर गेट के समीप गए तो देखा नहर में अज्ञात ग्रामीण का शव सड़ी गली हालत में फंसा हुआ है। मृतक की पहचान नहीं पाने पर गांव के सरपंच ने नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है आज मृतक का शिनाख्त कराने में सफलता हासिल की।

## युवा मोर्चा के लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत शामिल हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि युवा भाजपा के रीड की हड्डी है जिन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत, आंदोलन घेराव, वन बूथ 20 यूथ के माध्यम से अपनी भूमिका को आगे रखा है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी जीत का अंतर बड़ा करना है।

प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत कहा कि ऊर्जा और जुनून के साथ लोकसभा चुनाव में भी हम अपने सांसद को जीत दिलाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। युवा मोर्चा के कार्यक्रम की रूपरेखा को बताते हुए उन्होंने कहा कि आदर्श युवा चौपाल प्रत्येक विधानसभा में 100 जगह करना है। सहसंयोजक अखिलेश सोनी ने कहा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में जिस प्रकार की ऊर्जा होती है ऐसी ऊर्जा और ताकत शायद ही की किसी कार्यकर्ता में विद्यमान है। युवा मोर्चा के बदलते ही हमने पूरे संभाग में पूरे विधानसभा में जीत अर्जित की है आने वाले समय के लोकसभा चुनाव में भी भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में सरगुजा में हमने सिर्फ भाजपा के सांसद बनते देखा है पर इस बात से आश्वस्त नहीं होना है और पूरी लगन से मेहनत करते हुए हमें लोकसभा चुनाव को मजबूती से लड़ना है। संभाग प्रभारी राजा पांडे ने कार्यकर्ताओं से युवा मोर्चा के कार्यक्रम को सही तरीके से समय पर पूर्ण करने की बात कही। कार्यक्रम की प्रस्तावना युवा मोर्चा के लोकसभा प्रभारी व प्रदेश मंत्री अंकुश सिंह ने रखी। कार्यक्रम में युवा संकल्प में अंबिकापुर विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल ने पत्रक के माध्यम से युवाओं को शपथ दिलाया और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अंकित जायसवाल, जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, रविंद्र भारती, भाजपा जिला मंत्री सरगुजा रामप्रवेश पांडे, रिंकू वर्मा, आकाश गुप्ता, अभिषेक प्रताप सिंह देव, दीक्षा अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## रौनियार समाज ने धूमधाम से मनाई महर्षि कश्यप जयंती

- विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित, शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक

**सीतापुर।** रौनियार समाज द्वारा गायत्री मंदिर प्रांगण में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो रौनियार समाज के अध्यक्ष केदार गुप्ता समेत समाज के अन्य पदाधिकारियों ने महर्षि कश्यप की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि रौनियार समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। रौनियार समाज ने देश की उन्नति एवं विकास में अपना अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया है यह समाज हमेशा से आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी रहा है।उन्होंने समाज के युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके कंधों पर समाज को आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को समाज के अध्यक्ष केदार गुप्ता समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रौनियार महिला समाज की अध्यक्ष नीलम गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें महिला पुरुष युवा एवं बच्चे शामिल हुए और अपनी कला का प्रदर्शन किया। मंच संचालन शिल्पा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामभरोष गुप्ता, पालु गुप्ता, संतोष गुप्ता, श्याम प्रसाद गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रह्लाद गुप्ता, सुदामा गुप्ता, सुखसागर गुप्ता, चिरंजी गुप्ता, राजदेव गुप्ता, रमेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रोशन गुप्ता, अनेश्वर गुप्ता, नीरज गुप्ता, निर्मल गुप्ता, डॉ. विवेक गुप्ता, सुबोध गुप्ता, विशाल गुप्ता, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, मधु गुप्ता, मंजू गुप्ता, उषा गुप्ता, शारदा गुप्ता, डॉ. सोमा गुप्ता, रूपा गुप्ता, रचना गुप्ता समेत समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित थे।



## सीएससी में महिला चिकित्सक नहीं, महिलाएं परेशान

**लखनपुर।** स्वास्थ्य सुविधा के साथ अच्छे इलाज के लिए क्षेत्र के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों को पदस्थ करने की मांग की है ताकि जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ बेहतर इलाज मिल सके। कांग्रेस शासन काल में अस्पताल का नया भवन बनाने के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को पदस्थ करने की बात कही गई थी। समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत लगभग 99 गांव हैं जिनमें कई पहुंचविहीन क्षेत्र हैं। इन गावों तक स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुंच पाती। अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है जिससे महिलाओं को इलाज के लिए अम्बिकापुर जाना पड़ता है। अस्पताल भवन बन गया है किन्तु विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। प्रदेश सरकार से क्षेत्रवासियों की उम्मीदें जगी है तथा स्वास्थ्य केन्द्र में शीघ्र विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति होने की उम्मीद जताई जा रही है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सकों की पदस्थापना होने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल जाने की मजबूरी खत्म हो जाएगी तथा स्थानीय स्तर पर गंभीर मरीजों तथा दुर्घटना में घायल लोगों का इलाज हो सकेगा। शासन द्वारा नगर के बस स्टैण्ड में हमर क्लीनिक खोला गया है लेकिन यहां जांच की सुविधा नहीं है। क्लीनिक में सिर्फ ओपीडी की सुविधा मिल रही है। इस संबंध में बीएमओ डॉ.पीएस मार्को ने बताया कि सीएससी में 9 चिकित्सक स्वीकृत है लेकिन केवल पांच डॉक्टर कार्य कर रहे है। चिकित्सक नहीं होने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।





### बालक आतिफ अली ने रखा एक दिन का रोजा

**अम्बिकापुर।** होलीक्रास के सात वर्षीय आतिफ अली पिता परवेज आलम ने रोजा रख अमन चैन की दुआएं मांगी है। रमजान के महीने में छोटे बड़े सभी रोजा रख इबादत कर रहे हैं। इसी परम्परा को नन्हे बालक आतिफ अली ने आगे बढ़ाया है।

सरगुजा मार्केट

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केंद्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

हृदय रोग ओपीडी
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 13 अप्रैल 2024
समय : सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9827872666

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
दिनांक - 07 अप्रैल 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें!

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

24/7 EMERGENCY SERVICE
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक -7 अप्रैल 2024, रविवार
समय - प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 4 बजे तक, सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
डॉ. मनीष चौरसिया MS (General Surgery) MCH (Neuro Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर मो. 9424250281 , 8120906000, 8120809000

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक-07 अप्रैल, 2024
दिन-रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 अप्रैल, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैंड, गौरवपथ, अंबिकापुर

7 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 4/7/2024 9:30 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मानीचौक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सपकरा में पिछले नौ दिनों से श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का आयोजन किया गया। भगवत कथा के अंतिम दिन शनिवार बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वृंदावन के कथा वाचक मधुमती तिवारी ने अपनी मधुर वाणी से पूरे नौ दिनो तक भागवत ज्ञान कथा का वाचन किया। इस बीच सपकरा सहित आसपास ग्राम पंचायत के सैकड़ों जोड़ो ने उपवास रहकर पूरे नौ दिनो कथा सुनी एवं आखिरी दिनो में गुरु विद्या अर्पित कर धर्म की पथ पर चलने का प्रण लिया। कार्यक्रम के मध्य दिवस में प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह पहुंचे और कथाकार से आशीर्वाद लिया

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल रामानुजगंज के नगर पंचायत क्षेत्र के दोनों शक्ति केंद्र में कई बूथ पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, अजय गुप्ता, तारावती सिंह, श्रवन यादव, मोहन गुप्ता, पवन कश्यप, बीरबल सरुता, श्रीमती ऊषा गुप्ता, प्रमोद कश्यप, रमेश गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता,अनूप गुप्ता,अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता,अमित सिंह, राजू रवि ,अरुण नागवंशी, अनन्त रवि, इरफान अंसारी, विक्रम गुप्ता, कलाम मंसूरी,उदयपुरी, रामाधार पुरी व अन्य उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं ने किया अमरकंटक के विभिन्न स्थलों का भ्रमण



**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 34 विद्यार्थियों ने अमरकंटक के विभिन्न स्थलों का अध्ययन भ्रमण किया। अध्ययन भ्रमण 6 अप्रैल को संपन्न हुआ। अध्ययन भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. एचएन दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया गया। विद्यार्थियों के साथ विभाग अध्यक्ष टीआर राहंगडाले, डॉ. सुप्रिया तिवारी, अमन सिंह एवं श्रीमती प्रांजना साहू ने विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को अमरकंटक की ऐतिहासिक धरोहर, जैव विविधता एवं पर्यावरण परिवर्तन का अध्ययन कराया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अमरकंटक के जैव विविधता क्षेत्र में सूक्ष्म जीवों द्वारा पौधों के मृत भागों का अपघटन किस प्रकार किया जाता है, इसका प्रत्यक्ष अध्ययन किया तथा लाइकेंस की विविधता को भी प्रत्यक्ष जाना।

## निधन

### एचसी पुरी



**अंबिकापुर।** चोपड़ा पारा निवासी एचसी पुरी का 7 अप्रैल को निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे उनके निवास से पंजाबी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजीव पुरी, संगीता सानन के पिता थे।

## पेज 1 का शेष...

### वर्तमान समय व समाज की...

सम्प्रभुता, एकता एवं अखण्डता के विरुद्ध अपराध, पीड़ति केन्द्रीत कानूनी प्रावधान, अनुसंधान में वैधानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान, न्यायालयीन प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान एवं आगामी कार्ययोजना इत्यादि संबंधी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया है। कार्यशाला के दौरान कलेक्टर सरगुजा भोस्कर विलास, उमनि 10 वीं वाहिना सिलफिली सुजीत कुमार, एसपी सूरजपुर एमआर अहिरे, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मोनिका जायसवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती आकांक्षा सक्सेना, वक्ता ब्रजेश राय, एडीपीओ सुश्री श्रुति कांबले, एडीपीओ राजेश सिंह, डॉ. मिलिन्द सहित विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, डॉक्टर्स एसोसिएशन, चैंबर ऑफ कामर्स, ट्रांसपोटर्स यूनियन, एनजीओ एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## बेमौसम वर्षा से गर्मी पड़ी पस्त, सर्द हुआ वातावरण

# विक्षोभ के प्रभाव से पूरे दिन होती रही रिमझिम वर्षा, 10 डिग्री गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को पूरे दिन बौछारें गिरी जिसके बाद दिन के तापमान में तेज गिरावट होने के साथ मौसम सर्द हो गया। शनिवार तक पड़ने वाल भीषण गर्मी कुछ घंटों में ही पस्त पड़ गई तथा दोपहर बाद ठंड लगने लगी। मौसम विज्ञानी आगामी 48 घंटे तक विक्षोभ के सक्रिय रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शनिवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान करती रही लेकिन रविवार को विक्षोभ के प्रभाव को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही सुबह 9 बजे से फुहारें गिरने लगी। सुबह थोड़ी देर के लिए हल्की धूप भी निकली लेकिन पूरे दिन रूक-रूक कर हल्की वर्षा होती रही। मौसम कार्यालय द्वारा पूरे दिन में कुल 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। विक्षोभ के प्रभाव से हुई हल्की वर्षा के बाद सबसे बड़ा बदलाव आया कि शाम 5.30 बजे दिन का तापमान गिरकर 26.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया तथा भीषण गर्मी ठंड में बदल गई। मौसम में आए इस तेज बदलाव के पीछे दिन एवं रात के तापमान के बीच बेहद कम अंतर को कारण माना जा रहा है। सरगुजा में गर्मी की शुरूआत हो गई थी लेकिन अभी धरती की सतह बहुत गर्म नहीं हुई थी। लिहाजा विक्षोभ की फुहारों से ही धरती की सतह समान्य हो गई तथा वातावरण सर्द हो गया। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ के आगामी 48 घंटे तक सक्रिय रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है। विक्षोभ को अरब सागर से पहुंच रही नमी ताकत दे रही है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण विक्षोभ के अग्रसर होने के बावजूद आसमान पर बादलों की सक्रियता बनी रहेगी। मौसम विज्ञानी विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने के बाद भी स्थानीय प्रभाव से आगामी दो-तीन दिनों तक आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को रात का तापमान 20.2 डिग्री एवं दिन का तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस एवं 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। देर शाम वर्षा की रफ्तार तेज होने के कारण जन जीवन प्रभावित रहा तथा सड़के सूनसान बनी रही।

**खास बात**

- 48 घंटे विक्षोभ के सक्रिय रहने की संभावना



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### दिन के तापमान में तेज गिरावट

बेमौसम बारिश से 24 घंटे के भीतर दिन के तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। दिन के तापमान में हुई तेज गिरावट के कारण मौसम सुहाना हो गया है तथा गर्मी पूरी तरह खत्म हो गई है। विक्षोभ ने फिलहाल तेजी से बढ़ रही गर्मी पर ब्रेक लगा दिया है। तापमान में खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद भी स्थानीय प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने के कारण गर्मी से राहत रहने की संभावना है।

#### गेंहू की कटाई-मिसाई प्रभावित

बेमौसम बारिश से गेंहू की कटाई-मिसाई पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। गेहूं की फसल पककर तैयार हो गई है तथा किसानों ने फसल की कटाई-मिसाई शुरू कर दी है। बेमौसम बारिश होने के कारण खलिहानों में रखी फसल भींग गई है वहीं खेतों में खड़ी पकी फसल को भी वर्षा से नुकसान होने एवं भीगने से दानों का रंग बदलने की संभावना जताई है। अब लगातार धूप निकलने के बाद फसल की कुटाई-मिसाई शुरू होने की संभावना है।

#### समितियों में पड़े धान को भी नुकसान

बेमौसम बारिश से पिछले चार महीने से अधिक समय से उपार्जन केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे रखे धान को भारी क्षति होने की संभावना हे। सरगुजा के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 1 लाख 11 हजार क्विंटल एवं बलरामपुर में 4 लाख 66 हजार क्विंटल धान उठाव का इंतजार कर रहा है। मार्कफेड पिछले एक महीने से राइस मिलरों के माध्यम से संग्रहित धान का उठाव कराने का दावा कर रहा है।

## बेमौसम हुई बारिश से गेहूं की फसल को होगा नुकसान

- कोयलांचल समेत अन्य क्षेत्रों में जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त
- भीषण गर्मी के बीच बारिश होने से कुछ समय के लिए लोगों को मिली राहत



**बिश्रामपुर।** रविवार की सुबह अचानक मौसम में हुए बदलाव से भीषण गर्मी के बाद रिमझीम बारिश होने पर जहां एक ओर तपिश से कुछ समय के लिए राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर फसलों के नुकसान का खामियाजा अन्नदाताओं को उठाना पड़ेगा। बेमौसम बारिश की वजह से मौसम में कुछ ठंड़क आई है, जिससे तेज गर्मी के बीच बारिश से लोगों ने राहत सांस ली है। मौसम विभाग ने 7, 8, 9 अप्रैल को प्रदेश में बारिश होने की संभावना जताई है।दरअसल कोयलांचल व आसपास के क्षेत्र में लोग पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी से परेशान थे, जहां पारा 40 डिग्री से भी ऊपर पहुंच गया था। इस भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने बदलाव के संकेत दिए। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किमी ऊंचाई तक फैला हुआ है। साथ ही प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी भी आनी शुरू हो गई है। इसकी वजह से 7, 8, 9 अप्रैल को बारिश होने की संभावना जताई गई थी। बेमौसम बारिश की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल में देखने को मिल रहा है। किसानों के अनुसार अभी गेहू की फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है और पुनः शुरू हुए बेमौसम बारिश की वजह से गेहू का स्वाद बदलने के साथ इसमें काले दाग लग रहे हैं। साथ ही तापमान में नमी आने से गेहूं फसल में अब फफूंद भी लगने लगे हैं। इसके अलावा बेमौसम बारिश की वजह से फूल गोभी, पत्ता गोभी, बैगन, करेला, भिंडी, डोडका, कुम्हड़ा के खेती में भी काफी नुकसान हो रहा है। साथ ही किसानों को अब गर्मी में कमी आने से खीरा का भी वाजिब दाम किसानों को नहीं मिल पा रहा है। किसानों द्वारा गेहूं की फसल ग्राम सिलफिली व आसपास के क्षेत्रों में करीब 10 हजार एकड़ भूमि में हुई है और ठीक कटाई के समय में बेमौसम बारिश की वजह से गेहूं फसल खराब होने से किसानों को लाखों रुपए के राजस्व नुकसान होने का अनुमान है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज की भूमि को लेकर चल रहे विवाद का पटाक्षेप कोर्ट ने खारिज की अपील

**अम्बिकापुर।** शासन द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज को ग्राम पंचायत डिगमा में आवंटित भूमि पर अतिक्रमण को लेकर लम्बे समय से चल रहे विवाद का अब पटाक्षेप हो गया है। अतिक्रमणकारी द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय में चल रहा मुकदमा खारिज करने के बाद अतिक्रमणकारी ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील की थी जिसे न्यायालय ने खारिज कर इंजीनियरिंग कॉलेज के पक्ष में अपना निर्णय दिया है। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को शासन द्वारा ग्राम पंचायत डिगमा अंतर्गत नेहरू नगर में 26 एकड़ शासकीय भूमि आवंटित की गई थी। आवंटित भूमि में 7 एकड़ भूमि पर सुख विश्वास ने अतिक्रमण किया था जिसको लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा था। सुख विश्वास ने मामले में इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन एवं शासन के विरूद्ध वर्ष 2014 में जिला एवं सत्र न्यायालय में परिवाद दायर किया था। न्यायालय द्वारा परिवाद खारिज करने के बाद अतिक्रमणकारी ने अपील किया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 6 अप्रैल को इंजीनियरिंग कॉलेज के पक्ष में अपना निर्णय सुनाया था। इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार विश्वकर्मा एवं शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता मिथिलेश सिंह, प्रभारी अधिकारी एवं शासकीय पालीटेक्निक के प्राचार्य आरजे पाण्डेय एवं प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने पैरवी की। प्राचार्य डॉ.खरे ने बताया कि कॉलेज भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कर 1350 लाख की लागत से भवन का निर्माण किया जाएगा।

## बतौली जंगल में 27 एकड़ भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा,ग्रामीणों की उपस्थित में अधिकारियों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम



**खबर का असर**

मैनपाट और बतौली सर्कल के 27 एकड़ घने जंगल में अतिक्रमण करने के मामले में आज अधिकारी टीम के साथ मौके पर जांच करने पहुंचे। जहा ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच कर दोषियों के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। हरिभूमि ने मैनपाट और बतौली सर्कल के 27 एकड़ घने जंगल पर अवैध कब्जा का मामला प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशन किया गया था। जिस पर सीतापुर अनुविभागीय अधिकारी रवि राही द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल बतौली तहसीलदार तारा सिदार, वन विभाग के एसडीओ पीसी मिश्रा, सीतापुर रेंजर विजय तिवारी, उद्यान विभाग के अधिकारी सहित पूरी वन अमला मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों के समक्ष सूक्ष्मता के साथ मामले की जांच की गई। जांच टीम द्वारा 27 एकड़ घने जंगल अवैध कब्जा सही पाया गया जहां घेराव करने के लिए रखे गए खूंटा और फेंसिंग तार को वन विभाग द्वारा जब्ती बना अपने कब्जे में लिया। साथ ही घने जंगल के सर्किल क्रमांक 9 /2470 को अवैध रूप से घेराव किए गए फेंसिंग तार और खूंटा को उखड़वा कर वन विभाग द्वारा अपने कब्जे में लिया गया है। जांच में यह तथ्य सही पाया गया कि पूर्व सरपंच द्वारा मैनपाट और बतौली सर्कल के 9 / 2470 कंपार्टमेंट में फर्जी तरीके से 5 एकड़ भूमि का पट्टा वन विभाग से मिली भगत कर बनवाया गया है जिसे जांच टीम द्वारा निरस्त करने हेतु बात कही जा रही है। साथ ही घने जंगल के बीचो-बीच भूमि का पट्टा वन विभाग द्वारा पूर्व सरपंच को प्रदान करना सवालों के घेरे में है तथा उद्यान विभाग द्वारा भी चार मृत व्यक्ति के नाम फेंसिंग तार और खूंटा के लिए लोन पास कर देना बिना जांच किए पूर्व सरपंच को लोन प्रदान करना कई सवाल खड़े करते है।

जांच टीम में गई बतौली तहसीलदार तारा सिदार ने बताया कि अभी जांच प्रक्रिया चल ही रही है जो तथ्य सामने आए हैं उनमें घने जंगल में अवैध रूप से कब्जा पाया जाना और उद्यान विभाग द्वारा मृतकों के नाम पर लोन दिए जाना की बात सामने आई है। फिलहाल जांच टीम द्वारा वन पट्टे के निरस्तीकरण तथा घेराव किए गए फेंसिंग तार और खूंटा को जब्त किया गया है।



## सनावल में मनाई गई जिला स्तरीय कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सनावल में जिला स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला साहू समाज के अध्यक्ष रामसेवक गुप्ता ने की। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत पश्चात स्थानीय साहू समाज के अध्यक्ष बुद्धि नारायण गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण किया गया। अतिथियों ने कर्मा माता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सभी ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन साहू समाज के जिला महामंत्री जय प्रकाश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत संगीत एवं झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सनद बंटी साहू, विशिष्ट अतिथि प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती यमला साहू, साहू समाज के सरगुजा संभाग के राजनीतिक प्रकोष्ठ संयोजक उपेन्द्र गुप्ता, गढ़वा जिला साहू समाज के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, झारखंड साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामचंद्रपुर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष बीडीलाल गुप्ता, श्रीमती रागिनी साहू दुर्ग, यशवंत दास साहू रायपुर, चन्द्र कांत साहू रायपुर, जिला साहू समाज के संरक्षक बंशीधर गुप्ता, संतोष गुप्ता एवं छुनेश्वर गुप्ता उपस्थित रहे।

## दो मासूम बेटों की स्मृति में माता-पिता ने कुदरगढ़ व खोपा धाम में लगवाया फ्रीजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



सड़क दुर्घटना में दो मासूम बेटों को खो देने पर माता-पिता ने उनके स्मृति में कुदरगढ़ और खोपा धाम में फ्रीजर लगवाया। साल 2018 में सलका अघिना निवासी विजय गुप्ता और शर्मिला गुप्ता ने अपने 2 मासूम बेटे नवम और डुग्गू को एक्सीडेंट में खो दिया था। बतौली से शादी समारोह शामिल होकर कार से सलका अघिना लौट रहे। इसी दौरान परिवार का दतिमा मोड़ के पास एक्सीडेंट हो गया। जिसमें विजय और शर्मिला के दोनों बेटे नहीं रहे। विजय-शर्मिला भी बुरी तरह घायल हो गए थे। विजय-शर्मिला अपने दोनों बेटों नवम और डुग्गू की स्मृति को जीवंत रखने के लिए निरंतर पुण्य कार्य कर रहे हैं। उन्होंने किलकिला में महर्षि कश्यप सेवा सदन निर्माण हेतु 51 सौ दान किया। जिले के खोपा धाम में श्रद्धालुओं के लिए ठंड और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर फ्रीजर लगवाया। अब नवरात्र के आगमन के पहले माता कुदरगढ़ी धाम में भी वाटर फ्रीजर लगवाकर पुनीत कार्य किया। सभी दान भेंट उन्होंने अपने स्मृति शेष बेटों नवम और डुग्गु की याद में दिया है। विजय कहते हैं जब तक वे सक्षम रहेंगे अपने दोनों बेटे की स्मृति में दान पुण्य कार्य का सिलसिला चलता रहेगा।

### रन फॉर अहिंसा में जैन समाज के 30 बच्चों ने लगाई दौड़



**अम्बिकापुर।** जैन समाज की पाठशाला द्वारा गांधी स्टेडियम में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर अहिंसा का आयोजन किया गया। दौड़ में दिगंबर व श्वेताम्बर समाज के बच्चों ने भाग लिया। दौड़ उपरांत बच्चों को योगासनों का अभ्यास कराया गया। स्वीटी जैन ने बच्चों को प्राणायाम का महत्व बताया तथा मुनीश्री प्रमाण सागर महाराज के दिशा निर्देश में चल रहे भावना योग की जानकारी दी। रीत जैन ने बच्चों को भगवान महावीर के संदेश अहिंसा एवं अपरिग्रह को जीवन में उतारने सभी को इस संदेश से अवगत कराने के लिए प्रेरित किया। दौड़ में 6 से 18 साल के 30 बच्चों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की इस दौरान काकुल जैन, रूबी जैन, रूचि जैन, सुष्मा जैन, श्रुति जैन, शिल्पा जैन, विजया दानखेड़े, आकांक्षा जैन, अंकिता जैन, श्रीमती महनोत, राखी जैन आदि उपस्थित थीं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## आईजी ने किया बॉर्डर चेकपोस्ट व थानों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित बॉर्डर मीटिंग में शामिल होकर लौटते समय आईजी अंकित गर्ग ने अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाकों का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसपी सिंगरौली स लौटते समय आईजी श्री गर्ग ने बॉर्डर पर स्थित नाकों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए रुके। इस दौरान उन्होंने सभी वाहनों की सघन चेकिंग करने, नशीले पदार्थों की तस्करी को पूर्णतः रोकने, ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने एवं ड्यूटी संबंधी अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आइजी सरगुजा ने रघुनाथनगर के केसारी नाका पहुंच कर ड्यूटी में तैनात अधिकारी व जवानों को ड्यूटी संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। आईजी ने धनवार बॉर्डर में जवानों को अपनी ड्यूटी ईमानदारी पूर्वक करने तथा नशीले पदार्थ की तस्करी पर रोक लगाने के निर्देश दिए। वहीं आईजी ने चलगली थाने, रनहत चौकी का निरीक्षण किया और थाना परिसर में साफ सफाई, दस्तावेजों के रख रखाव, गुंडा बदमाशों के रजिस्टर की जांच की व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान इस दौरान एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, एसडीओपी वाडरफनगर श्री राम अवतार ध्रुव साथ-साथ मौजूद रहे।

### अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट नवाटोला बिहारपुर में सतत रूप से की जा रही चेकिंग



**सूरजपुर।** अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट नवाटोला बैरियर थाना चांदनी बिहारपुर में डीआईजी, एसपी, एसडीओपी, ओडीजीआई और तहसील प्रशासन बिहारपुर के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सूरजपुर, कोरिया जिला और मध्यप्रदेश की सिंगरौली जिला प्रशासन की सिंगरौली में बैठक आयोजित हुई। नवाटोला चेक पोस्ट बैरियर अंतर्राज्यीय बेरियर होने के कारण गाड़ियों की और उनके साथ सामानों की चेकिंग के दौरान निरीक्षण करते समय एसएसटी प्रभारी अधिकारी, मजिस्ट्रेट और डीएलएमटी व स्वीप नोडल अधिकारी धीरेन्द्र कुमार जायसवाल के साथ एसएसटी टीम, पुलिस प्रशासन टीम, आबकारी विभाग, फॉरेस्ट टीम, जीएसटी टीम उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध